SHRI S. JAIPAL REDDY: Let the Minister say what Sikander Bakhtji has said.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Jaipal Ji, that matter is closed. I am not allowing any more discussion on that. I have now to go to the next item. *(Interruptions)*

SHRI S. JAIPAL REDDY: Let the Minister agree to what the Leader of the Opposition says. He says he will go as per the law.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: We may agree on certain points also, but I object to ...*(Interruptions)*

SHRI S. JAIPAL REDDY: I am also in agreement with them. It is the Minister who is not respecting the sentiments of the entire Opposition. The entire Opposition wants him to stay his action. *(Interruptions)*

SHRI V. NARAYANASAMY: Mr. Jaipal Reddy, you cannot impose. *(Interruptions)* Madam, they cannot do like this. *(Interruptions)*

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, please sit down. *(Interruptions)* Please take your seat. Just one second, please. You had objected to the Bill. I am repeating it again that he came here to day to move the Bill. He come to my chamber and talked to some Members of Parliament. I wanted Mr. Jaipal Reddy to be there. Therefore, I searched for him. Then on persuasion the Minister said: "All right, whatever you suggestion is, I will bring a comprehensive legislative legislation in the next session." Now, the Minister said he was not going to do which is illegal, which is not within the rules. I think that is sufficient. Mr. Minister, you can go now. *(Interruptions)* That matter is over now. I am only dealing with it this much. I am not going into the merits. I cannot discuss the merit of a Bill which is not under discussion. The Bill is not before the HouSe for discussion. So, we cannot discuss it. I now go on to the next item— The Constitution (Eighty-first Amendment) Bill, 1994. Dr. Jagannath Mishra.

THE CONSTITUTION (EIGHTY-FIRST AMENDMENT) BILL, 1994

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्री (डा. जगन्नाथ मिश्र) : उपसभापति महोदया, मैं प्रस्तावा करता हूं कि भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए"।

महोदया, संविधान के नवम् अनुसूची में, विभिन्न राज्यों से प्राप्त भूमि सुधार संबंधी अधिनियमों को संवैधानिक संरक्षण देने की दृष्टि से, सम्मिलित करने के लिए यह विधेयक लाया गया हैं। ...(**व्यवधान**)....

श्री दिग्विजय सिंह (बिहार) : मिश्र जी, जब हाऊस नार्मल हो जाए तब बोलिएगा। हम आपको सुन नहीं पा रहे हैं।

उपसभापति : बोलिए बोलिए। मिश्र जी का क्या यह पहला बिल हैं? मैंडेंन परफोरमेनन्स हैं आपकी ? और वह भी कंस्टीट्यूशन ...(**व्यवधान**)....

डा. जगन्नाथ मिश्र : जी ...(**व्यवधान**)....

श्री दिग्विजय सिंह : पहला बिल हैं इनका।

डा. जगन्नाथ मिश्र : महोदया, इस संविधान संशोधन विधेयक द्वारा संविधान के नवम् अनुसूची में 27 अधिनियमो को सम्मिलित करने का प्रस्ताव रखा जा रहा हैं। विभिन्न राज्यों से समय-समय पर जो अधिनियम प्राप्त हुए हैं, उन्हें संवैधानिक संरक्षण देने का हैं। इनमें से बिहार राज्य के 9, कर्नाटक का एक, केरल के 2, उड़ीसा का एक, राजस्थान के 3, तमिलनाडु के 4 और पश्चिम बंगाल के 7 अधिनियम हैं। इन 27 अधिनियमों में से 3 मुख्य अधिनियम भी हैं जिन्हे पहली बार इस नवम् अनुसूची में सम्मिलित करने के लिए ला रहे हैं। The Bihar Consolidation of Holdings and Prevention of Fragmentation Act, 1956, the Bihar Privileged Persons. Homestead Tenancy Act, 1947 and the West Bengal land Reforms Tribunal Act, 1991.

श्री शंकर दयाल सिंह (बिहार) : मिश्र जी, आप हिन्दी में बोलिए। ...(**व्यवधान**)....

उपसभापति : अभी आप उन्हे बोलने दीजिए। यह कोई तरीका नहीं हैं। ...(**व्यवधान**)....

श्री शंकर दयाल सिंह : इन्होने हिन्दी में शुरू किया, जरा हिन्दी में बोलिए।

डा. जगन्नाथ मिश्र : मैं हिन्दी में ही कह रहा हूं वह मैं आपके नाम बता रहा था।

मैडम, हम कह रहे थे कि 27 अधिनिपयम हैं, जो समय समय पर राज्यों ने मुख्य अधिनियमों में संशोधन हेतु पारित किए हैं, उन संशोधनों को संवैधानिक संरक्षण हेतु पारित किए हैं, उन संशोधनों को संवैधानिक संरक्षण दिया जा रहा हैं। उन अधिनियमों को 9वीं अनुसूची में इसलिए सम्मिलित किया जा रहा हैं क्योंकि विभिन्न राज्यों में इन अधिनियमों को संवैधानिक बिन्दुओं पर चुनौती दी गई। उन्हे संविधान का संरक्षण प्राप्त नहीं था, इससे राज्य सरकारों को कठिनाई हो रही हैं। इस उदेश्य से इन अधिनियमों को 9वीं अनुसूची में सम्मिलित किया जा रहा हैं। जैसा कि सदन को जानकारी हैं, मानीनय सदस्य जानते हैं कि पहली बार 1951 में इस प्रकार का संविधान संशोधन हुआ था, जो प्रगतिशील कार्यक्रम सरकार चलाना चाहती थी, उनमें उस समय मूल अधिकारों के उल्लघंन के कारण जो अवरोध उत्पन्न किए जा रहे थे, उन अवरोधों से इन कानूनों को मुक्त कराने के लिए इन्हे संविधान का संरक्षण देने और संविधान के 14 तथा 19 अनुच्छेद के तहत जो भाग 3 के अंतर्गत संविधान में लोगों को प्राप्त हैं उससे सामाजिक, आर्थिक परिवर्तन की और सामाजिक न्याय के कार्यो में रूकावट न पड़े, इसी वजह से पहली बार पंडित जवाहर लाल नेहरू ने यह संविधान संशोधन पेश किया था। उस समय 13 ऐसे अधिनियम सम्मिलित किए गए थे इस सूची में। उसके बाद समय-समय पर अभी तक 255 अधिनियम संविधान की 9वीं अनुसूची में सम्मिलित किए गए हैं, इनमें से 222 ऐसे हैं जिनका संबंधी सीधे भूमि सुधार के कार्यो से हैं और पिछले वर्षो में सारे देश में बड़ी मुस्तैदी से भूमि सुधार के कार्य सम्पन्न हुए हैं, खास तौर से जो भूमि सीमा निर्धारण अधिनियम है, उसका कार्यान्वयन बड़ी तत्परता से हुआ हैं। लोगों में कुछ भ्रान्तियां हुई इस संबंध में कि सरकार के आर्थिक उदारीकरण की वहल से या नई आर्थिक नीति की वजह से भूमि सुधार के कार्यक्रमों में कुछ विलम्ब किया जा रहा हैं या भूमि सीमा का पुनर्निधारण किया जा रहा हैं। भारत सरकार की ओर से हमने पहले भी स्पष्ट किया हैं और आज भी सदन के सामने स्पष्ट करना चाहते हैं कि भूमि सुधार के प्रति भारत सरकार प्रतिबद्व हैं। जो भी नीति रही हैं भारत सरकार की 1972 मे मुख्य मंत्रियों के सम्मेलन में प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के समय में जो मार्गदर्शक सिद्वान्त तय किए थे, उन्हे सारे देश के संघ राज्यों ने स्वीकार किया और तदनुसार सभी राज्यो में भूमि सुधार के कार्यक्रम तत्परता से चलाए जा रहे हैं और आज तक स्थिति यही हैं कि सारे देश में 15,99,226 रिटर्न दाखिल किए गए है, उन रिटर्नो में से 15,81,723 का निष्पादन हो गया हैं और इस कानून के तहत अभी तक देश में 74,09,613 एकड़ जमीन सरकार अतिरिक्त घोषित करके उसमें से 65,41,659 एकड़ प्राप्त कर ली हैं। उसमें से 51,46,443 हजार एकड़ जमीन गरीबों के बीच में बांटी जा चुकी हैं। उसमें से अनुसूचित जाति के 17,91,263 लोग लाभान्वित हुए हैं और जनजातियों के 7,03,845 लोग लाभान्वित हुए हैं और दूसरे लोगों में 24,99,193 लोग लाभान्वित हुए हैं। लेकिन एक दुर्भाग्य की बात यह हैं कि जितनी प्राप्त हुई हैं उसमें से 10,64,606 एकड़ जमीन विभिन्न न्यायालयों में मामलो में फंसी हई हैं, जो गरीबो में बांटी नहीं जा रही हैं। इसलिए सरकार को ओर से कोशिशें हो रही हैं कि सभी राज्यों में तत्परता से जमीन को निकाला जाए और मुख्य मंत्रियों को हमने खास तौर से कहा हैं कि जितनी तत्काल वितरण योग्य जमीन प्राप्त हैं, उस जमीन को बांटा जाए। जो जमीन मुकदमों में फंसी हुई हैं, 323B अनुच्छेद के अंतर्गत अभिकरण स्थापित करके विवावादास्पद जमीन के मामलों को निष्पादित कराकर गरीबों के बीच में बांटी जाएं।

और यह भी कहा गया हैं कि इस समय लगभग चार लाख एकड़ जमीन सरकार ने आरक्षित कर रखी हैं दूसरे कार्यो के लिए। उस संबंध में भी हमने राज्य सरकारों से कहा हैं कि जमीन भूमिहीनों के लिए हैं, उस जमीन को आप दूसरे कार्यो में न लगाएं, बल्कि भूमिहीनों के बीच में यह जमीन बांटी जाए। ऐसा हमने साफ तौर पर कहा हैं। साथ-साथ जो हमारे पट्टेदार हैं, शेयर क्रॉपर हैं उन्हे अधिकार दिए जाएं और उनके नाम अंकित किए जाएं और हमने यह भी कहा हैं कि जिस प्रकार से पश्चिम बंगाल में रययत और तैय्यत पट्टेदारों के हक निर्धारित किए हैं, अंकित किए गए हैं, उसी तरह से सारे देश में एक अभियान चलाकर सभी राज्य सरकारें इस काम को करें। यह भी हमने साफ तौर पर कहा हैं। यह भी हमने राज्य सरकारों से कहा हैं कि हदबंदी कानून में जो त्रुटियां हैं, जो कमजोरियां हैं जिनकी वजह से विवाद होते

हैं या जिनकी वजह से मुकदमें होते हैं उस कानून को आप फिर से दुरूस्त करने की कोशिश करिए और प्रस्ताव लाइए।

इस तरह से सरकार के निश्चय को हम यहां पर दोहराते हैं कि हदबंदी कानून तत्परता से लागू किया जाए और ऐसे सभी कानूनों को संवैधानिक संरक्षण प्राप्त हो और सरकार का यह निश्चत हैं कि गरीबों के हित में इस कानून का अधिक से इस्तेमाल हो और जो जमीन हैं उसको गरीबों के बीच में तत्काल बांट कर सामाजिक न्याय का जो कार्यक्रम भारत सरकार का हैं और हमारे प्रधान मंत्री जी ने जो तत्सरपता दिखाई हैं एक विशेष अभियान हदबंदी कानून के बारे में, मुख्य मंत्रियों के सम्मेलन में उस निर्णय के मुताबिक प्रधान मंत्री जी की ओर से सभी राज्यों को, मुख्य मंत्रियों को कहा गया हैं हदबंदी कानून को और भूमि विवाद संबंधी कानून को तत्काल लागू करें और उनको सुविधा देने के उद्देश्य से ही यह संवैधानिक संरक्षण देने के लिए यह संशोधन प्रस्ताव इस सदन के सामने मैं प्रस्तुत कर रहा हूं।

The *question was proposed.*

उपसभापति : श्री संघ प्रिय गौतम , संक्षेप में बोलिएगा।

श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तर प्रदेश) : संक्षेप में ही बोलूंगा।

उपसभापति महोदया, हमारा देश कल्याणकारी राज हैं। हमने अपने देश के शोषित, गरीब, पीड़ित, कमजोर, भूमिहीन सब लोगों के हित में, विकास और कल्याण के लिए संकल्प लिया हैं और देश की सत्ता में, देश की सम्पत्ति में, देश के संसाधनों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने का हमने बीड़ा उठाया हैं, हमने फैसले लिए हैं।

[माननीय उपसभाध्यक्ष (श्री सतीश अग्रवाल) पीठासीन हुए]

हम सत्ता, सम्पत्ति और संसाधनों का विकेन्द्रीकरण भी चाहते हैं। मैं पूरी बात करने से पहले विश्वास दिलाना चाहता हूं मिश्र जी को, कि मैं इस विधेयक का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं लेकिन यह मैं विश्वास दिलाना चाहता हूं कि यह जो सात राज्य जिनसे संबंधित यह विधेयक हैं , मुझे यह स्वीकार करने में कोई आपत्ति नहीं हैं। कि यह वह राज्य हैं जो प्रगतिशील राज्य हैं जिनके कदम प्रगति की ओर हैं। यह वह राज्य हैं जहां पर बड़े पैमाने पर कुछ राज्यों में पिछले कई वर्षो से

सामाजिक उथल-पुथल हो रही हैं सोशल अपहिवेल्स जहां पर हो रहे हैं खास तौर से बिहार, और यह जो सामाजिक उथल-पुथल हैं इसका एकमात्र कारण गांव में खेती या खेती की जमीन हैं। गावं के लोग 75 परसेंट जो इस देश में रहते हैं, उनका जीवन खेती से जुड़ा हुआ हैं। लेकिन बहुत कम लोग ऐसे हैं जो भू-स्वामी हैं। अधिकतर लोग ऐसे हैं जो खतिहर मजदूर हैं। काफी दिनों तक यह गले से गला मिलाकर, कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं। लेकिन अनेक अवसरों पर विवाद खड़े होते हैं, टकराव होते हैं, जानें जाती हैं और सामाजिक तनाव बढ़ाता हैं और जैसा मैंने पहले कहा कि इसका एकमात्र कारण भूमि हैं। इसलिए इस देश में भूमि सुधार होना बहुत आवश्यक हैं, भले ही कारण कुछ भी रहे हों,लेकिन जब कांग्रेस का विभाजन पहली बार हुआ और सिडीकेट और इंडीकेट कांग्रेस बनी, मैं दाद देना चाहता हूं श्रीमती इंदिरा गांधी जी को, कि उन्होने तीन कामों की घोषणा की थी। एक तो गरीबी को दूर करने के लिए उन्होने बीड़ा उठाया था और यह कहा था कि जोत की जमीन पर पाबंदी होगी और शहर की जमीन पर भी सीमा लगेगी। उसी समय से यह चकबंदी और हदंबदी कानून लागू हुए। जो जमीन निकली ग्राम समाज की जमीन थी , वह इन खेतिहर मजदूरों को वितरित हुई। लेकिन मुझे अफसोस हैं, कांग्रेस के लोगों से मैं कहना चाहता हूं कि इंदिरा जी के जमाने में जहां कानून बहुत अच्छे थे, बड़ी संख्या में राजे-महाराजे, जमींदार, भूमि स्वामी कांग्रेस में छाए हुए थे। वे कांग्रेस में मंत्री थे, विधायक थे, सांसद थे, ब्लॉक प्रमुख थे, बड़े-बड़े पदों पर थे। यह घोषणा की गई लेकिन इस कानून का क्रियान्वयन करने में सात-आठ वर्ष का समय लगा दिया गया। लिहाजा जो चकबंदी के बाद, हदबंदी के बाद जमीन निकल करके सरकार के कब्जे में आनी चाहिए थी, वह नहीं आई और फर्जी पट्टे देकर लोगों ने अपने कुत्तो के नाम, बिल्लियों के नाम, भैंसे-भैसों के नाम, भोडें-भौड़ियों के नाम करा दिए क्योंकि आम तौर से बड़े लोगों के कुत्तों के नाम हीरा होते हैं, मोती होते हैं, बिल्लियों के नाम पूसी होते हैं। देखने में ये नाम आदमियों के मालूम होते हैं लेकिन वे होते कुत्ते और बिल्ली हैं। इसलिए जितना लाभ इस भूमि-सुधार का गरीबों को पहुंचना चाहिए था वह नहीं पहुंच पाया। जितनी जमीन गरीबों को मिलनी चाहिए थी, वह नहीं मिल पाई। जो बंटनी चाहिए थीं, वह नहीं बंट पाई और दूसरी परेशानी यह हुई कि जब न्यायालयों में ये विवाद खडे हुए तो इनकी पैरवी सरकार के लोगों ने या प्रशासन

के लोगों ने नहीं की क्योंकि उनकी अधूरी मंशा इस जमीन को निकालने और वितरित करने की थी। आज भी बड़ी संख्या में उच्च न्यायालयों में ,सर्वोच्च न्यायालयों में हदबंदी से संबंधित अनेको बड़े-बड़े विवाद लंबित हैं, विचाराधीन हैं और लाखों एकड़ जमीन जो निकल कर आनी चाहिए और भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को आबंटित होनी चाहिए, वह नहीं हो पा रही हैं।

दूसरी बात मैं कहना चाहता हूं कि एक मंत्रालय बहुत बड़ा, जिसके स्वयं इंचार्ज प्रधान मंत्री जी हैं, वह ग्रामीण विकास मंत्रालय हैं और मंत्री जी स्वयं जिन्होने यह विधेयक प्रस्तुत किया हैं, बड़े डंके की चोट पर कहा जाता हैं कि बीस हजार करोड़ रूपया इस पंचवर्षीय योजना में ग्रामीण विकास के लिए रखा गया हैं और ग्रामीण विकास का एक बहुत बड़ा मुद्दा हैं खेती का, भूति का बंटवारा, भूमिहीनों को भूमि का बंटवारा। गांवों के अंदर जब तक भूमिहीनों को भूमि नहीं मिलेगी, उनको मान नहीं मिलेगा उनको सम्मान नहीं मिलेगा, उनको कुटीर उद्योग-धंधे लगाने का मौका नहीं मिलेगा और गांवों के अंदर जब तक कुटीर उद्योग धंधे नहीं होंगे, खेती पर आधारित उद्योग धंधे नहीं होंगे, गांवों का विकास नहीं होगा। गांवों के लोगो को रोजगार नहीं मिलेगा, इस दृष्टि से भी भूमि का आबंटन बहुत आवश्यक हो गया है।

तीसरी बात, एक तरफ जहां हम भूमिहीनों को भूमि वितरित करना चाहते है, बहुत से भूमिहीन मजबूरी कें जब उनके पास थोड़ी सी भूमि हैं, उसे वे बेच लेते हैं उस बिक्री पर पाबंदी लगाई जाए, यह भी भूमि-सुधार का एक अंग हैं और इन विधेयकों से यह बात प्रतिबिंबित होती हैं कि जिनके पास थोड़ी भूमि हैं, वे अपनी भूमि को वितरित न करें।

इसके अलावा बहुत से लोगों की भूमि गिरवी रख ली जाती हैं खास तौर से आदिवासी क्षेत्रों में। गिरवी रखने के बाद उस भूमि का लाभ खेती के माध्यम से उन भूमि स्वामियों को नहीं मिल पाता और उनके हाथ में वह भूमि चली जाती हैं। इस पर भी पाबंदी लगनी चाहिए।

सरकार अपने उद्यमों के लिए या संस्थानों के लिए या सार्वजानिक हित के कार्यो के लिए भूमि का अध्यापन करती हैं, अध्यापित करती हैं भूमि को, ऐक्विजिशन करती हैं, इससे भी बहुत बड़ा नुकसान भूमि स्वामियों को या छोटे काश्तकारों को होता हैं। इसलिए भूमि-सुधार बहुत आवश्यक हैं। जिस प्रकार के उदाहरण मैंने आपके सामने पेश किये हैं उन्ही से संबंधित यह विधेयक उन राज्य सरकारों ने, राज्य विधान मंडलों ने पारित किये हैं और कभी-कभी यह देखा गया हैं कि मौलिक अधिकारों का बहाना करके जो काम गरीबों के हित में किये जा रहे हैं, उससे प्रभावित होकर लोग मौलिक अधिकारों का बहाना करके न्यायालयों की शरण ले लेते हें और विकास कार्यो में बाधा पैदा हो जाती हैं। गरीबों के विकास और कल्याण में अवरोध पैदा हो जाते हैं। इसलिए ऐसे लोग गरीबों के हित में, विकास में बाधा पैदा न कर सकें न्यायालयों की शरण फंडामैंटल राइट्स का, मौलिक अधिकारों का बहाना करके न ले सकें। यह सब रोकने के लिए इन विधेयकों का संविधान की नौंवी अनुसूची में लाना बहुत आवश्यक है और यही मंशा सरकार की रही हैं। लेकिन अभी विधेयक को प्रस्तुत करते समय जब मंत्री जी अपना वक्तव्य दे रहे थे तो उन्होने अपना सारा जोर इस बात लगाया कि कितनी जमीन उन्होने निकाली हैं और कितनी जमीन उनके कब्जे में हैं। मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं, मंत्री जी जरा गौर से सुनिए। मिश्र जी, आप कोटेया साहब से बात कर रहे हैं, जरा सुनिए। आपने कहा कि हम राज्य सरकारों को निर्देश दे रहे हैं आप उत्तर प्रदेश की सरकार को निर्देशित कीजिए। नैनीताल के तराई क्षेत्र जिसे भाभर कहते हैं, तराई भाभर खीरी लखीमपुर, पीलीभीत, इसमें हदबंदी कानून आज तक लागू नहीं हुआ।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (**उत्तर प्रदेश**) : किच्छा भी।

श्री संघ प्रिय गौतम : अब वह तराई का इलाका कहलाता हैं। नैनीताल का तराई भाभर क्षेत्र, जिसमें किच्छा तहसील हैं, काशीपुर हैं, टनकपुर हैं, और भी अनेक क्षेत्र हैं, पीलीभीत, खीरी लखीमपुर हैं यह वह जिले हैं, जहां पर हदबंदी कानून आज तक लागू नहीं हुआ। मुझे ध्यान हैं एक जिलाधिकारी ने नैनीताल में जब यह कानून लागू करना चाहा तो कांग्रेस के मुख्य मंत्री ने मैं नाम नहीं लूंगा, बाधा डालकर उसको रोक दिया और लाखों एकड़ जमीन, एक-एक आदमी के नाम 10-10 हजार बीघा, 5-5 हजार बीघा जमीन हैं। उसके दो नुकसान होते हैं। गन्ने की खेती वहां होती हैं। अभी दो वर्ष पहले आपने देखा, आतंकवादी पंजाब से और दूसरे प्रदेशों से नेपाल के रास्ते इस क्षेत्र में जाकर गन्नों की खेतों की बीच में शरण लेते थे और इनके मालिक डर के कारण, भरय के कारण, लालच के कारण या रिश्तेदारी के

मारे उन्हे शरण देते थे। आज भी वह खतरा बना हुआ हैं। तो मैं आपसे प्रार्थना करूंगा कि अगर आपकी बात सच हैं और वास्तव में आप प्रदेशों को निर्देशित कर रहे हैं और आप भूमिहीनों को भूमि बांटना चाहते हैं तथा भूमि सुधार के कानूनों को लागू करना चाहते हैं तो आप जहां-जहां पर भी हदबंदी कानून लागू नहीं हुए, वहां तुरंत लागू करवाइए और जहां आप मामूली बात का बहाना करते हैं 356 लगाकर राष्ट्रपति शासन लागू करते हैं। देश के हित तथा कल्याण में जो सरकार बाधक हो तथा जो देश के हित, विकास और कल्याण में जो सरकार रूची न लेती हो, ऐसी सरकार को भंग करना चाहिए। चाहे वह किसी भी पार्टी की सरकार हो। आखिर हम कहां तक विदेशों से कर्जा लेते रहेंगे? हम कब तक अपने लोगों को भूखे मारते रहेंगे? कब तक हम गरीबों का मजाक उड़ाते रहेंगें? हम कहां से इनके लिए रोजी-रोटी लाएंगे और कहां से कपड़ा और मकान लाएंगे? केवल यही हैं कि हम इस देश की हदबंदी से निकलने वाली जमीन को इनको बांटें। इनको कुटीर उद्योग दें, इनको छोटे-छोटे काम दें। यह तभी संभव होगा जब हम भूमि सुधारों को करें। जैसा कि उपसभापति महोदया ने कहा था कि समय थोड़ा लिया जाए। मैं अधिक समय न लेकर एक तो यह कहना चाहूंगा कि कभी-कभी प्रश्न उठता हैं कि अनइकॉनॉमिक होल्डिंग, जो छोटी खेती हैं, वह अलाभकारी हैं। बात देखने में बड़ी सुन्दर लगती हैं लेकिन तन ढांकने के लिए, अपने परिवार को सर्दी, गर्मी , बरसात और धूप से बचाने के लिए बड़े चौराहे पर जिन्दगी गुजारने के बजाय दो गज जमीन में एक झोपड़ी अपनी होना आदमी को सम्मानित और स्वाभिमानी बनाता हैं। उनमें सम्मान पैदा करता हैं। इसलिए छोटी जमीन भले ही हो गांव में रहने वाला व्यक्ति उस पर अपना मकान बना लेगा। अगर वह दूध देने वाली गाय या भैंस पालेगा तो उकसे लिए चारा भी बोएगा। चारे के लिए उसे दूसरे बड़े काश्तकार के खेत में नहीं जाना पड़ेगा। पिटाई से बच जायेगा। उसको खेती में जाने से रोका नही जायेगा। इसके अलावा अपने खाने के लिए साग, सब्जी भी उसमें उगायेगा स्वर्गीय श्री लालबहादुर शास्त्री ने तो – जय जवान जय किसान—का नारा लगाते समय यह कहा था कि अपनी छत पर, अपने आंगन में भी खेती करो। गांव मे दो-तीन-चार बीधा जमीन अगर एक आदमी को मिल जायेगी तो वह दाल उगा लेगा, सब्जी उगा लेगा, अपने पशु का चारा उगा लेगा, सब्जी उगा लेगा, अपने पशु का चारा उगा लेगा, अपनी झोपड़ी बना लेगा। ....(**व्यवधान**)....

SHRI R. MARGABANDU (Tamil Nadu): Sir, one clarification. I am on a point of order. Our learned brother is advancing an argument on a subject which is not relevant to the Bill. The point is whether the Acts mentioned in clause 2 of the Bill should included in the Ninth Schedule or not and whether protection should be given. We are not discussing the Land Reforms Bill or any such thing. Let him confine himself to the subject-matter of the Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SATISH AGARWAL): Mr. Sangh Priya Gautam, please conclude.

श्री संघ प्रिय गौतम : उपसभाध्यक्ष महोदय, इसमें जितने विधेयक है यह सब भूमि सुधार से सम्बन्धित हैं।

विद्युत मंत्री (श्री एन.के.पी. साल्वे) : उससे सम्बन्धित नहीं हैं।

श्री संघ प्रिय गौतम : भूमि सुधार पर ही मंत्री महोदय ने भाषण दिया हैं। यह कहा हैं कि हमने इतनी जमीन निकाली हैं, इतनी जमीन बांटने जा रहे हैं, इतनी हमारे कब्जे में हैं। यह आपके भाषण में हैं जो ऑन रिकार्ड हैं और मैं उसी पर बोल रहा हूं

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SATISH AGARWAL): This is all relevant. But you please conclude.

श्री संघ प्रिय गौतम : मैं खत्म कर रहा हूं। सरकार की नीयत ठीक हैं लेकिन सरकार की जो प्रक्रिया हैं वह बहुत ढीली हैं और बड़ी कमजोर हैं, बड़ी सुस्त है। प्रक्रिया तेज होनी चाहिए और उमसें गति आनी चाहिए। राज्यों को निर्देशित करना चाहिए कि हदबंदी कानूनों को तुरन्त लागू करे, जो यह विधेयक पारित किया गया हैं इसको किस तरह से क्रियान्वित किया जाए। मंत्री महोदय जो 9वीं सूची में जिन विधेयकों को शामिल कराने के लिए लाये हैं इसका मैं समर्थन करता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SATISH AGARWAL): Shri Naraya-nasamy. Please keep in mind the time.

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): I will be very brief, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SATISH AGARWAL): You know all the Members should be present. Normal-

ly we finish the debate latest by 5.30 P.M. so that there could be voting.

SHRI V. NARAYANASAMY: Sir, the hon. Minister has moved the Eighty-first Constitution Amendment bill on the basis of the letters written by the State Governments of West Bengal, Tamil Nadu, Rajasthan, Kerala, Orissa, Karnataka and Bihar, who have gained experience through the implementation of the Land Reforms Act. Sir, it is the policy of every State, irrespective of the political party which rules the State, and the Centre that the land held by any individual or family should not exceed a certain limit. It has been prescribed by the Government and it has been accepted by various State Governments that if it is fertile agricultural land, the holding could be 10 acres to 18 acres and if it is dry land, it could be 54 acres. These are the ceiling limits. In our country we find people holding lands in *benami.* As far as the farming community is concerned, it is a major issue which has been haunting them. Our slogan was that the land should be given to the tiller of the soil. But, when the legislations were passed by various State Governments for the implementation of this Act so that the surplus land could be given to the landless people who would be the beneficiaries, the courts came in the way and because of the procedural wrangles and other legal procedures the delay occurred. Therefore, the hon. Minister has come forward with this bill so that this matter cannot be challenged in the courts. Sir, in my State when the Land Refors Act was passed, but was not implemented, we went before the review Committee. The reply given by the State administration was that as the matter is in the Supreme Court, therefore, we are not in a position to get the surplus land and give it to the poor landless labourers. Sir, it is a sorry state of affairs. When we wanted to implement this Act, the courts came in the way. The Government should find a way out. Sir, in two States, i.e. Kerala and West Bengal, the Land Reforms Act has been successfully implemented. As I just said about *benami* land holdings, I am pained to say that in some of the States the landlords are having lands even in the name of their dogs. They are having lands in the names of the people who are not their relatives. This kind of *benami* transaction is going on. Sir, the former Chief Minister, Shri Madhavsinh Solanki, is here.

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: Dr. Mishra is also here.

SHRI V. NARAYANASAMY: He is here to explain it. He will explain ho^ he implemented this Act. But, I am told tfi'at in Bihar it has not been implemented in right earnest and it has also not been implemented in Uttar Pradesh. Let me make it very clear. Many State Governments have not given effect to the legislation I am not quoting any Congressp-ruled State or non-Congress-ruled State. Let us have a uniform policy. I am grateful to various State Governments, who, irrespective of their "party affiliations, have recommended that it should be put in the Ninth Schedule. ITierefore, by providing for this provision in the 9th Schedule, by amending the Constitution, it will benefit lakhs and lakhs of people of the farming community and the poor agricultural labourers. The benefit which has been given to the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes is enormous. About 17.7 lakh Scheduled Caste people and 7.19 lakh Scheduled Tribe people have been benefited. This is a novel scheme by which the people are being benefited. I want the hon. Minister to do something about the *benami* holdings. People write documents in various names. That has to be stopped. The State Government should be authorised to investigate into such *beiiami* holdings and action should be taken against those people. The procedure that has been evolved for the purpose"- of giving land to the agricultural beneficiaries should be simplified. The big States like

Bihar and Uttar Pradesh, should be given a directive on the basis of this amendment. The State Governments should unscrupulous follow the procedure and see that the beneficiaries are selected immediately. The backward people living in these States have been deprived of their rights. I support the bill and I want the hon. Minister to implement it and see that the benefit is passed on to the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes and also the OBCs who have been deprived of agricultural land.

SHRIMATI RENUKA CHOW-DHURY (Andhra Pradesh): Sir, I would like to add one point to what my colleague said just now. I want to place this on record. It is such a tragedy—our agricultural land policy vis-s-vis what we give to the industry. Here, we dangle a carrot before the farmers and offer them land as tokenism, whereas, an industry can buy 200 acres of land. They can just free buy land anywhere. There is no restriction. No revenue has been shown. No revenue has been reflected in this Budget. If You really examine it, there is no revenue and there lies the tragedy. We need to reexamine them. We just give fertilizer subsidy, which is an eye wash. There is no revenue... *(Interruptions)...* Let them declare agriculture as an industry. You give 200 acres of land to multinational companies and they grow potatoes and sell potato chips. But my farmer cannot do that. He is restricted and farming becomes uneconomical in the case of small holdings. The market rates fluctuate and no floor support rates are given to the farmers. I have no words to express the true tragedy. We are not seeing agriculture as India's backbone. We talk about the poor fanners. During the election time, everybody talks about the farmer. It is said *Annadata sukhji bhava.* I wanted to place this on record.

श्रीमती कमला सिन्हा (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारे सामने कांस्टीट्यूशन अमेंडमेंट बिल, 1994 मंत्री जी ने पुर:स्थापित किया जिसका उद्देश्य कोई बहुत बड़ा नहीं हैं। जैसे इन्होने कहा कि इसके स्टेटमेंट आफ ओब्जेक्ट्स को देखने से पता चलता है कि कई प्रान्तों बिहार, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, कर्नाटक, राजस्थान, तमिलनाडु, पश्चिमी बंगाल में भूमि सुधार संबंधी जो कानून पारित हुए हैं उन कानूनों को लिटीगेशन से बचाने के लिए नाईथ शेड्यूल में जोड़ा जाना, यह मानस हैं। उद्देश्य तो अच्छा हैं। मेरे पूर्व वक्ताओं ने कुछ बातें कही। आज की बहस को शुरू करते हुए हमारे साथी गौतम जी ने कुछ बातों को कहा जो सत्य भी हैं। मंत्री जी स्वयं बिहार के रहने वाले हैं बिहार के मुख्य मंत्री भी रह चुके हैं । अपने मुख्य मंत्रित्व काल में भूमि सुधार संबंधी क्या क्या काम इन्होने किये हैं अगर उसी का ब्यौरा दे देते तो हम अंदाजा लगाते कि इन्होने क्या किया हैं।....(**व्यवधान**)....

डा. जगन्नाथ मिश्र : बहुत कुछ किया हैं। ....(**व्यवधान**)....

श्रीमती कमला सिन्हा : यह हम लोगों को मालूम हैं।

डा. जगन्नाथ मिश्र : आप लोगों का जीरो हो जाएगा।

श्रीमती कमला सिन्हा : पोल मत खुलवाइए।

SHRI V. NARAYANASAMY: Is this about Bihar?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SAT-ISH AGARWAL): Don't interrupt, please.

SHRIMATI KAMLA SINHA: This is a dialogue between the former Chief Minister of Bihar and me.

यह ठीक हैं कि हमारे बिहार प्रांत और उड़ीसा तथा राजस्थान में लैंड टेनेंसी शुरू से रही हैं। इनमें छोटे किसानों—मारजिनल एण्ड स्माल फारमर्स की संख्या अधिक हैं। बीच में बड़े भूमिपतियों से जमीन लेकर जमीन बांटरने की कोशिश हुई। यह कोशिश सफल नहीं हो पाई। विनोबाजी का भूदान आंदोलन चला। उसमे लोगों ने जमीन दान भी की। यह भी बात सही हैं। उस भूदान की जमीन गरोबो में बांटी भी गयी कुछ हद तक लेकिन दखलदहानी उनकी नहीं हुई। गरीबों को उस जमीन के ऊपर वह अधिकार नहीं दिलाया जा सका क्योंकि भूमिपति जो बलवान होते हैं उनकी जमीन में भूमिहीनी खेतिहर काम तो कर सकते हैं लेकिन भूमि के मालिक बनकर उसकी फसल काटक अपने घर मे नहीं

5 ले जा सकते हैं। मैंने अनेकों घटनाएं देखी हैं। जगन्नाथजी उस समय चीफ मिनिस्टर थे। छोटा नागपुर में पलामू जिले में एक घटना घटी थी। एक गांव के आदिवासी लोगों ने यह निर्णय लिया था कि हमें जमीन का लाल कार्ड मिला हैं इसलिए इस बार फसल काटकर हम घर ले जायेंगे। फसल काटकर घर ले जाने की तैयारी भी की लेकिन उस गांव के महाजन ने जो एक अत्याचार किया उसका हद का हिसाब नहीं हैं। मास रेप की घटना मैने वहां पहले पहल देखी थी। छोटे बच्चों के साथ अत्याचार मैंने वही पहले पहल देखा। उस गांव का नाम हैं सारोदात? आज भी आप पता लगा सकते हैं। पलामू में भभुआ जिला में वह था। यह तो स्थिति है। अनेकों इलाकों में यह स्थिति हैं और अभी तक जमीन दी नही जा सकी हैं। आज भी दुर्भाग्य की बात हैं कि ऐसे अनेकों इलाकों हैं हमारे प्रांत में जहां एक ही परिवार के पास हजारों एकड़ जमीन हैं और वे मंत्री भी थे, राजा भी थे, सब कुछ थे क्योंकि इस तरह के लोगों को पावर अगर नहीं रहे तो अपनी सम्पत्ति का बचाव वे नहीं कर सकते हैं। फर्जी नाम पर, कोआपरेटिव बनाकर जमीन रख ली, फर्जी नाम पर सारी जमीनें उनके अपने कबजे मे हैं। रजा रजवाड़े के दिन आज भी चल रहे। जमीन बांट दी कागजों पर लेकिन भूमिपति आज भी हैं। शान वही हैं। रस्सी जल गयी, ऐठन नहीं गयी हैं। वह दूर करना बड़ा मुश्किल का काम है। उड़ीसा आदि अन्य प्रांतों की बात में क्या कहूं हमारे प्रांत बिहार मे जो अपना देखा हुआ हैं उसी की बात कह रही हैं।

ठीक हैं हमारे अन्य लोगों ने और हमने भूमि मुक्ति आंदोलन बहुत चलाया। बहुत संघर्ष किया। भूमि मुक्ति आंदोलन में मार भी हम लोगों ने बहुत खायी जेलों में भी हम लोग गए। थोड़े दिन के लिए उनकी बेदखली भी रोकी लेकिन असलियत में हम उनके दुख दर्द को दूर नहीं कर पाएं।

नेपाल की तराई में हमारे यहां थारूहाट हैं। वहां एक आदिवासी ट्राइब हैं। लोग यह कहते हैं कि भगवान बुद्व उसी थारू जाति के थे। थारूहाट में जमीन का बंटवारा हो गया था। थारूओं को जमीन दी गयी थी। उसके बाद क्या हुआ मैं उस गांव का नाम नहीं लेना चाहती हूं। जगन्नाथ जी को नाम मालूम हैं। बड़े बड़े लोग जो उस समय मंत्री थे और मुख्य मंत्री भी बन गए, सारे थारू लोगों को जमीन अपने नाम से कब्जे करा ली। थारू बेदखल हो गए। उनके पास आज जमीन नहीं हैं।

यहां तो स्थिति हैं। आप आज इसको 9th शिड्यूल में एड कर रहे हैं। बहुत अच्छी बात हैं। जब से बिहार में नये वातावरण की शुरूआत हुई हैं, खासकरके जयप्रकाश जी के आंदोलन से, 1974 के आंदोलन से तब से आम लोगों में एक जागरूकता आई हैं। उस जागरूकता के कारण लोगों ने अपने अधिकारों को पहचाना हैं। जब से उन्होने अपने अधिकार को पहचानना शुरू किया हैं तो उनको बेदखल करना मुश्किल हो रहा हैं।

5p.m.

लोग मरने-मिटने को तैयार हो रहे हैं, लोग बेदखल होने से बचाने की कोशिश कर रहे हैं। बेदखल करना मुश्किल हो रहा हैं। हमारे यहां छोटा नागपुर का इलाका हैं। वहां लैंड टेनेसी एक्ट हैं। आदिवासियों की जमीन को कोई खरीद नहीं सकता। लेकिन भाई लोग बड़े चालाक होते हैं। लोग बाहर से जा करके बड़े लोग हो गए हैं। वे क्या करते हैं। आदिवासियों की लड़की या लड़का से ब्याह कर लिया। लड़की से ब्याह-शादी कर लिया। झूठ-मूठ की शादी रचा कर उनकी जमीन को अपने नाम से लिखवा लिया और उसके बाद उस लड़की के घर से निकाल दिया। जमीन के मालिक बन बैठे। छोटा नागपुर लैंड टेनेसी एक्ट की भी धज्जी उड़ा दी। उस समय जो प्रशासन हमारे वहां था वह चुपचाप बैठा रहा, कनाइवेंस करता रहा, छोटा नागपुर के आदिवासियों की कोई रक्षा नहीं कर सके। इस तरह एक-एक अंचल की कहानी बड़ी दर्दनाक कहानी हैं। रोने के जैसी कहानी हैं। आंसूओं से भरी हुई कहानी हैं। भूमिहीन खेत मजदूरों की आसुंओ से लिखी हुई कहानी हैं। छोटे किसानों के आंसूओं से लिखी हुई कहानी हैं। मार्जनल फार्मर्ज की आंसूओ से लिखी हुई कहानी हैं। हमारे यहां अब यह कानून में हैं कि कंसोलिडेशन आफ् होल्डिंग हो रहा हैं और उसका काम चला भी कुछ दिन, लेकिन आधा ही रह कर ठप्प हो गया, क्योकि वह लोगों को सूट नहीं करता कि कंसोलिडेशन आफ् होल्डिंग हो, जमीन का पास बुक हो, जमीन का मल्कीयत सही मायने में तय हो जाए तो यह बातें तो लोगों को सूट नहीं करती हैं।

to those who are at the helms of affair. 3TO आज जगन्नाथ जी का नाम भी उसमें से एक हैं। ....(**व्यवधान**)....

Because he was the Chief Minister. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : अब तो जगतनाथ हैं। ....(**व्यवधान**)....

श्रीमती कमला सिन्हा : हां, अब तो जगतनाथ हैं, यह भी बात आपने सही कही। जगत का नाथ, उसका नाम लेने से ही लोगों का परित्राण हो जाएगा, स्वर्गलाभ होगा। इस दुनिया में कुछ मिला, नही मिला स्वर्गलाभ शायद हो जाए। यह बात तो हैं। तो महोदय, में यह कहना चाहती हूं कि शायद केन्द्र में आने के बाद कुछ इनकी दिव्या-दष्टि खुल गई और लगा कि यह सब कानून को इकट्ठा कर लें नाईन्थ शैड्यूल में हम डाल दें ताकि कानून पचड़ा नहीं हो, लोगों को परेशानी नहीं हो। ठीक हैं, बहुत अच्छी बात हैं। आप इसको कर लीजिए। आपने दूसरा जो प्रांत जिसके बारे में आपने कहा कि जैसे उड़ीसा जो बिहार की हालत हैं उड़ीसा की करीब-करीब एक ही जैसी हैं। राजस्थान की हालत भी उसी तरह की हैं। जहां फ्यूडलिज्म रहा हैं वहां समाज व्यवस्था एक ही तरह की रही हैं। वहां एक ही तरह की लोगों की शोषण करने की प्रवृत्ति रही हैं भूमिपतियों के द्वारा भूमिहीनों का शोषणा करना। तो यह सब प्रांत जहां फ्यूडलिज्म रहा हैं वहां यह परिस्थिति आज भी हैं। बेनामी जमीन लोग काम करते हैं और लोग सताए जा रहे हैं। मेरा तो यह सुझाव होगा कि पूरा विस्तृत सर्वे कराया जाए कि किसके पास कितनी जमीन हैं। उसका सर्वे हो और उसका रेकार्ड तैयार हो। बारम्बार यह कहा जा रहा हैं कि लैंड पास बुक हम दे रहे हैं। वह भी करके देखिए तो पता चले कि किसके पास कितनी जमीन हैं। अगर किसी का बेनामी जमीन हैं तो जिस व्यक्ति के नमा से वह बेनामी जमीन हैं उसको ढूंढकर उसको जमीन दे दीजिए तो फिर यह सैंकड़ो-हजारों एकड़ जमीन एक-एक लोगों के हाथ में जो रखा हुआ हैं वह तो निकल जाएगा। उससे लोगों को परित्राण तो मिलेगा और गुंडागर्दी और तरह-तरह की सेना जो बन रही हैं। उस सेना की त्रासदी से मुक्ति तो मिलेगी। यह निश्चित रूप से करना चाहिए मंत्री जी, आपको। आप पता नहीं यहां से आकर क्या कर पायेंगे और समय तो आप लोगों के पास बहुत कम रह गया। यह अगस्त का आठवां महीना समाप्त हो रहा हैं और शायद मार्च तक चुनाव हो जाएं। उसके बाद कांग्रेस कहां जायेगी, कोई ठिकाना नहीं , क्या होगा? तो यह थोडा सा समय हैं, कुछ पुष्प लाभ कर लीजिए, कुछ अच्छा काम कर लीजिए तो शायद इतने दिनों का जो काम किया हुआ हैं उस पर शायद कुछ पर्दा पड़ जाए, कुछ शायद सफाई हो जाए और कुछ शायद अच्छा काम आप कर सकें।

इतनी ही बात कह कर मैं आपको धन्यवाद देती हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SAT-ISH AGARWAL): Dr. Biplab Dasgupta, kindly bear in mind that it is a Constitutional (Amendment) Bill. If the debate is delayed, then the Members will go home and there will be problem. All the Members are supporting this particular Bill. Despite your support, the Bill will not go through unless we conclude early. I know that the subject is very important.

DR. BIPLAB DASGUPTA (West Bengal): Sir, while supporting the Bill, I would call it a joke, a cruel joke also. The contents of the Bill are what we had been campaigning for many decades. We wanted protection for land reforms under the Ninth Schedule. My party has been demanding this for the last four decades. The Bill has come now. In fact, the Bill was drafted in 1994. It has come for consideration in 1995 and the Bill deals with land reforms legislations which were passed many many years ago in many States. One is from Bihar in 1948. Most of them were passed in the 1950's, 1960's and some in 1970's. I find very few from the nineties except for two in 1990 and 1991 from West Bengal. Most of the other Bills have historical relevance because they have been passed by the State Legislatures long time back. Despite this, protection was not given. What does this mean? It is almost like diagonising the cancer patient and then not doing anything about the treatment, letting the patient die of cancer. Only after the patient has died, you are starting operating on the body to remove cancer. This is exactly what is happening. It is almost like the English proverb, "Botling the door after the horse has fled" because most of the damage has already been done. Land owners, the vested interests have already gone to courts in many cases for many many years. You have not allowed the laws to be properly implemented. And hence the damage has already been done. Even if the Bill was brought in the last year, 1994, then there would have been some time left. Why at

the fag end of the Congress rule are you promising? Because, you want, as Kamla-ji has said, some *Punya.* You want to show that you are in favour of the people. It is almost like the case of Rix Van Winckle or I can give the example of Kumbhakarna in Mahabharat. You have been sleeping for so many years. Most of the damage has already been done. If you were really sincere and serious about the Bill, then this Bill could have been brought not today in 1995 but in 1951! This should have come forty years ago. This forty years' time has been wasted by the Congress party and the Government. This is something which I wanted to put on record. Because this is election year all this concrn for poor, money distribution and all these things are coming.

Apart from this, I would like to make some specific points which I would like the Minister to respond to. Are you really serious about land reforms? I am not sure you are really serious about it. Only the other day the Minister for Agriculture discussed on the draft Agriculture Policy. In that there is not a single word about land reforms. We raised to point out that this question be discussed. Even if it is not there, at least when the Minister was replying, we expected him to say something on land reforms. Not a single word was mentioned.

